married life....M

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/शापाको/स्था/2025/1196 कोरबा, दिनांक 20-08-2025

//आवश्यकता है//

शासकीय पॉलीटेक्निक, कोरबा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में इलेक्ट्रिकल इंजी, इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी एवं गणित विषय में अंशकालीन व्याख्याता की आवश्यकता है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रिकल इंजी एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी में संबंधित/प्रासंगिक संकायों में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि तथा गणित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि है। इच्छुक उम्मीद्वार बायोडाटा एवं शैक्षणिक, अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित आवेदन रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 08.09.2025 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार के विलम्ब की जिम्मेदारी इस कार्यालय की नहीं होगी। पूर्व में कार्यरत अथवा आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को पुनः विज्ञापन पश्चात् की तिथि में आवेदन करने पर ही विचार किया जाएगा। चयन हेतु निर्धारित मापदंड निम्नानुसार होंगें–

चयन के कुल 100 अंक निर्धारित किये गये हैं, जो निम्नलिखित अनुपात में दिये जायेंगें–

1.	विहित न्यूनतम अर्हता (अर्हकारी परीक्षा में 50 प्रतिशत प्राप्तांको के लिये–10 अंक, 50 प्रतिशत से अधिक के लिए प्रत्येक एक प्रतिशत के लिये– एक अंक)	60 अंक (अधिकतम)
2.	उच्चतर अर्हता (संबंधित विषय में एम.ई/एम.टेक/एमफिल उपाधि) (अभ्यर्थी के पास आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि को होनी चाहिए)	05 अंक
3.	पी.एच.डी. उपाधि (संबंधित विषय में आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि को होनी चाहिए)	10 अंक
4.	गेट (इंजीनियरिंग विषयों के लिए)/NET/SET वैध स्कोर कार्ड प्रस्तुत करने पर	05 अंक
5.	1. एनसीसी/एनएसएस/(बी/सी सर्टिफिकेट पास) बी–02 अंक 2. एनसीसी/एनएसएस/(सी प्रमाण–पत्र प्राप्त) सी–05 अंक	05 अंक (अधिकतम)
6.	खेलकूद में राज्य स्तर/राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व, राज्य शासन अथवा भारत सरकार के मोनो वाले प्रमाण–पत्र ही मान्य किये जायेगें।	05 अंक (अधिकतम)
7.	शैक्षिणिक अनुभव, न्यूनतम अपेक्षित अनुभव के अतिरिक्त (इंजी, महाविद्यालय/पॉलीटेक्निक स्तर पर 01 अंक प्रति सेमेस्टर अधिकतम 02 अंक प्रतिवर्ष)	10 अंक (अधिकतम)

संस्था में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 08.09.2025 सायं 05:00 बजे तक

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक,
कोरबा (छ.ग.)